हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 16.2 डिग्री
न्यूनतम 4.5 डिग्री

151 महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित 12


नगर निगम की वार्डबंदी में अनुसूचित जाति के... 12


## खबर संक्षेप

### घर से लाखों के जेवर और नगदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत की गंगाराम कालोनी निवासी हलीमा के घर से चोरों ने दो सोने की बालियां, एक सोने की अंगूठी, चार चांदी की पायल, दो चांदी की अंगूठियां, गले की कनटी और हाथ का दसतबंद और सात हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली। इधर, हलीमा ने बताया कि वह पांच जनवरी को करीब दो घंटें के लिए घर से बाहर काम से गई थी, इस बीच चोरों ने घर के ताले तोड कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं चोरी की इस घटना से हलीमा का करीब तीन लाख रूपये का नुकसान हुआ है। इधर, हलीमा की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपतः वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए

**पानीपत।** पानीपत में जिला यातायात पुलिस धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पर्यासरत है। इसी कड़ी में यातायात थाना प्रभारी अनिल की टीम ने जीटी रोड़ टोल प्लाजा पर 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वहीं, थानेदार अनिल ने बताया कि धुंध में सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यह रिफ्लेक्टिर टेप अंधेरे या कोहरे में भी चमककर वाहन चालकों को सावधान करने का काम करेगी।

### सोना हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी से लगभग 1 किलो 429 ग्राम सोना हडपने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि सचिन जैन ज्वेलर्स ने 17 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 जुलाई 202 से 23 अगस्त 2025 के दौरान आरोपी संजीव कुमार,हेमंत सूजल व अन्य ने उससे व अन्य से धोखाधड़ी से लगभग 1 किलो 429 ग्राम सोना हडप लिया है। न तो रकम दी और न ही सोना वापिस दिया आरोपियों ने उनके साथ साजिश के तहत धोखाधडी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अंबाला में अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल पुलिस ने मादक पदार्थ रखने के मामले में आरोपी प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी कर्मबीर ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियन्त्रण हेतू गश्त पर तैनात थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने सरकारी स्कूल के पास नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल सवार आरोपी को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर आरोपी से 81 ग्राम 34 मिलीग्राम अफीम बरामद की।

## कड़ाके की ठंड से नहीं मिल रही राहत

# घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़ गलाने वाली ठंड से घरों में दुबके लोग, तापमान में गिरावट

▶▶ *मंगलवार को जिले का तापमान घटकर अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कड़ाके की पड़ रही ठंड से जिलेवासियों को अभी राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। एक दिन अच्छी धूप खिलने के बाद मंगलवार को फिर घना कोहरा छाए रहने, दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। वहीं, सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की गति धीमी रही। जिससे बसें व ट्रेनें अपने गंतव्य पर



निर्धारित समय से देरी से पहुंची। मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बढ़ती ठंड में बुजुर्गों व बच्चों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। मंगलवार को भी घने कोहरे ने लोगों का स्वागत किया। इस दौरान जैसे ही लोग नींद के जागे तो उन्हें बाहर घना कोहरा छाया हुआ मिला और शीतलहर के साथ आसमान से औस की बुंदे टपक रही थी। इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि पिछले एक दिन की तरह मंगलवार को भी मौसम साफ रहेगा और अच्छी धूप खिलेगी। मगर मंगलवार को सुबह से घना कोहरा छाए रहने, शीतलहर चलने और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। जिससे बुजुर्ग व बच्चे घरों में दुबके रहे।

### नहाते समय सिर पर ना डाले ठंडा पानी

चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। अभी ठंड कम होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ऐसे में बुजुर्गों और बच्चों के लिए एहतियात रखना जरुरी है। उन्होंने लोगों से नहाते समय एक दम सिर पर ठंडा पानी नहीं डालने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि नहाते वक्त पानी डालना पैरों से शुरु करके धीरे-धीरे शरीर पर डालें। ताकि शरीर का तापमान एकदम से नहीं आराम से अपना काम करे। बुजुर्ग धूप निकलने तक घर से बाहर न निकलें। वहीं, ऊनी कपड़ों का ज्यादा प्रयोग करें और सिर को पूरी तरह से ढ़क कर चलें। बासी खाना व ठंडी तासीर वाली चीजों से बचने की कोशिश करें।

*प्रदेश के पांच विश्वविद्यालयों में स्पोर्ट्स एक्सिलेंस सेंटर स्थापित करने की घोषणा की जा चुकी*

# कुवि में स्थापित होगा खेल उत्कृष्टता केंद्र खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

### कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री सैनी का विशेष आभार जताया

▶▶ प्रत्येक विश्वविद्यालय को शुरूआती बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास के लिए 1-1 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा भी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार की खेल प्रतिभाओं को निखारने की योजना के तहत हरियाणा प्रदेश के पांच विश्वविद्यालयों में खेल उत्कृष्टता केंद्र (स्पोर्टस एक्सिलेंस सेंटर) स्थापित करने की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक विश्वविद्यालय को शुरूआती बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास के लिए 1-1 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा भी की गई है। इस सूची में कुवि का नाम शामिल होने पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा घोषित स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर्स योजना के तहत विश्वविद्यालय में खेल बुनियादी ढांचे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए 1 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुदान हरियाणा के खेल इतिहास में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। एक करोड़ की राशि विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं को आधुनिक बनाने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी।




### हॉकी एस्ट्रो टर्फ के निर्माण कार्य पूरा हो चुका : खेल निदेशक राणा

खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि खेलो इंडिया और राज्य योजना के तहत हॉकी एस्ट्रो टर्फ के निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन आधुनिक शूटिंग रेंज को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। बास्केटबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट में फ्लड लाइट्स की मरम्मत और इंडोर हॉल के लिए नई सिंथेटिक स्पोर्ट्स फ्लोरिंग की योजना है। बाक्सिंग का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एक अतिरिक्त रिंग और तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही आल वेदर स्वीमिंग पूल निर्माण का कार्य प्रगति पर है और सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने खेल सुविधाओं के मामले में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय परिसर में तीरंदाजी के लिए एक विशेष आर्चरी ग्राउंड/रेंज तैयार की गई है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पास पहले से एक विशाल खेल परिसर है, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय मानक का स्विमिंग पूल, जिम्नेजियम हॉल और कई आउटडोर मैदान उपलब्ध हैं। इस नई योजना से इन सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

### शिक्षा में हमेशा अग्रणी रहा विवि

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल और शिक्षा में हमेशा अग्रणी रहा है और अब इस केंद्र के माध्यम से हम ओलंपिक जैसे बड़े मंचों के लिए भविष्य के चैम्पियन तैयार करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कुरुक्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों के युवा खिलाड़ियों को वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि वे ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों के लिए तैयार हो सकें। कुलपति ने कहा कि विवि का लक्ष्य खिलाड़ियों को बेहतर मैदान देना है, बल्कि उन्हें पोषण और स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना है ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत सकें। कुवि खेल उपलब्धियों को देखते हुए हॉकी, तीरंदाजी और बॉक्सिंग जैसे खेलों पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा।

## चंडीगढ़ में फ्लैट दिलवाने के नाम पर डेढ़ करोड़ की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

*दो पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज*

चंडीगढ़ में फ्लैट दिलाने के नाम पर मोहल्ला मिर्जा वार्ड नंबर 17 निवासी राजीव से डेढ़ करोड़ रुपये हड़प लिए गए। आरोप मोहाली एसएएस नगर निवासी अमित दुआ व इंद्रजीत पर लगा है।

राजीव कुमार ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2022 में उसके साले शुभम बेदी के माध्यम से उसकी जान पहचान अमित दुआ और इंद्रजीत से हुई। आरोपी जीरकपुर और मोहाली में रियल एस्टेट का काम करते हैं। जुलाई 2023 में आरोपियों ने एक नए प्रोजेक्ट में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर उनसे करीब डेढ़ करोड़ निवेश करवा लिए। उसने आरोपियों को कुछ राशि नगद और कुछ कंपनी खाते में दी। सितंबर 2024 में जब उसने आरोपियों से संपर्क किया तो आरोपियों ने आरोपियों ने उसे कहा कि फ्लैटों में थोड़ा निर्माण बाकी है और जल्द उसे कब्जा दे दिया जाएगा। लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी न तो फ्लैट मिला और न ही पैसे वापस किए गए। जब उसने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने मना कर दिया। राजीव ने बताया कि आरोपियों ने उस पर दबाव बनाने के लिए उसके खिलाफ पटियाला में झूठा केस दर्ज करवाया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## जमीन बेचने के नाम पर हड़पे 40 लाख रुपये, तीन पर केस

**यमुनानगर।** जमीन बेचने के नाम पर शहर की विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी सुनील कुमार से 40 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप व्यासपुर निवासी आकाश, प्रेम कुमार व राजीव पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी सुनील कुमार ने हुड्डा सेक्टर-17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह जमीन खरीदना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात व्यासपुर निवासी आकाश, प्रेम कुमार व राजीव के साथ हुई। नौ मार्च 2024 को आरोपियों ने उसे व्यासपुर क्षेत्र स्थित गांव भील छप्पर के पास जमीन दिखाई। वह जमीन उसकी पसंद आ गई। इस दौरान आरोपियों ने बयाने के रूप में उससे 40 लाख रुपये ले लिए और जल्द ही रजिस्ट्री करवाने का आश्वासन दिया। मगर इसके बाद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम नहीं करवाई। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया और उसे झूठे केस में फसाने तथा जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सीआईए थ्री की कार्रवाई

## पानीपत में चोर से लाखों की नगदी व जेवर मिले

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उग्राखेड़ी गांव निवासी रविंद्र मलिक पुत्र रणधीर सिंह में घर से नगदी व जेवर चोरी करने के आरोप मे दीपक उर्फ अभि निवासी महादेव कॉलोनी को गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ अभि के कब्जे से चोरी की सोने की दो चेन, दो कड़े व 213530 रूपए की नकदी बरामद की है। विजय ने बताया कि दीपक ने रविंद्र के परिजनों को नगदी व जेवर रखते देख लिया था और उसने गत वर्ष नवंबर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।



यमुनानगर की घटना

## पंचायती भूमि से सफेदे के 20 पेड़ चोरी, केस

**यमुनानगर।** गांव ककडोनी में अज्ञात व्यक्ति ने पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के 20 पेड़ काटकर चोरी कर लिए। पुलिस ने बीडीपीओ की शिकायत पर अज्ञात् प केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर खंड की बीडीपीओ आस्था गर्ग ने पुलिस थाने में थी शिकायत में बताया कि गांव ककडोनी की पंचायती भूमि पर सफेदे के पेड़ खड़े हुए हैं। चार जनवरी को उसे सूचना मिली थी कि अज्ञात ने पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं।उसने टीम के साथ मुआयना किया। पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के 20 पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 12 हजार रुपये है।

- खंड की बीडीपीओ आस्था ने पुलिस को दी शिकायत

हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

## 100 किलोग्राम चूरापोस्त मामले में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ ने 100 किलोग्राम चूरापोस्त तस्करी के मामले में लगभग 2 साल 6 माह से फरार चल रहे आरोपी सुखविंद्र सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे 5 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-नारायणगढ के प्रभारी जरनैल सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 के दौरान आरोपी से गाडी में 100 किलोग्राम चुरापोस्त भर कर गुजर रहा था ।पुलिस को मादक पदार्थ के बारे में सूचना मिल चुकी थी। आरोपी उस समय थाना साहा क्षेत्र में चूरापोस्त से भरी गाडी को छोड कर फरार हा गया था। तलाशी लेने पर उसमें से 100 किलोग्राम चुरापोस्त बरामद हुआ था।

- आरोपी गाडी को छोड़कर फरार हुआ था

*रंजिशन मनीष की सिर में छोटा सिलेंडर मार कर हत्या कर दी थी*

# ब्लाइंड मर्डर केस सुलाझाया, कप्तान ने चार पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने थाना चांदनी बाग क्षेत्र की कृष्णा गार्डन कॉलोनी में किराये के कमरे में निवास कर रहे मनीष गुप्ता निवासी गांव देइडीहा जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश की हत्या की ब्लाइंड वारदात को सुलझाने आरोपी को काबू करने वाले थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश, एएसआई राजबीर सिंह और नवरत्न, हवलदार प्रमोद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आरोपित को उत्तर प्रदेश से पकड़ कर लाई थी पुलिस टीम



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र, अफसरों को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए।

कप्तान सिंह ने चारों पुलिस अधिकारियों के इस कार्य की सराहना करते हुए हौसला बढ़ाया और आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्मरणीय है कि थाना चांदनी बाग पुलिस क्षेत्र की कृष्णा गार्डन कॉलोनी मनीष की हत्या कर दी गई थी। मनीष टेक्सटाइल फैक्टरी में काम करता था। वहीं, थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश व थाना में तैनात एएसआई राजबीर सिंह, एएसआई नवरत्न व हवलदार प्रमोद ने मनीष हत्या की उक्त ब्लाइंड वारदात के आरोपी विनयदीप उर्फ कन्हैया निवासी अजलोटा, मथुरा, उत्तर प्रदेश को पकड लिया और उसे थाना चांदनी बाग पुलिस को सौंप दिया। विनयदीप ने रंजिशन मनीष की सिर में छोटा सिलेंडर मार कर हत्या की थी। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने मंगलवार को मृतक मनीष के पिता मुन्ना लाल की शिकायत पर विनयदीप पर हत्या का केस दर्ज किया है।

नगदी, चाकू और मोटरसाइकिल की हो चुकी बरामदगी

# करनाल पुलिस की कार्रवाई, छीना-झपटी में चौथे आरोपित को पकड़ा, जेल भेजा



सुरेश के साथ 16 दिसंबर की शाम छीना-झपटी की वारदात हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला पुलिस करनाल द्वारा अपराधों पर नियंत्रण के तहत थाना शहर क्षेत्र में पुलिस चौकी सेक्टर-4 की टीम ने छीना-झपटी की वारदात में शामिल चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम ने उप-निरीक्षक राजबीर सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अमरनाथ पुत्र राजवीर, निवासी रामपुर कटेबाग करनाल को काबू किया। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता सुरेश शर्मा के साथ 16 दिसंबर 2025 की शाम छीना-झपटी की वारदात हुई थी, जिसके आधार पर थाना शहर में मुकदमा संख्या 969/2025 दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस पहले ही तीन आरोपियों चिराग, पवन कुमार और रमन को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनके कब्जे से छीनी गई नगदी, चाकू और मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने अमरनाथ के शामिल होने का खुलासा किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया और जिला जेल भेज दिया गया।

पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक में जल संरक्षण नियमों के पालन पर जोर

# पानी की बर्बादी रोकने को लेकर कानूनों पर चर्चा हुड्डा अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई

पीने योग्य पानी की बर्बादी पर पांच वर्ष तक की कैद या जुर्माना

### पानी के वैकल्पिक उपयोग को बढ़ावा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा सेक्टर-13 करनाल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पीने के पानी की बर्बादी रोकने के लिए बनाए गए कानूनों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

समिति के चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा जल संरक्षण को अनिवार्य बनाने के लिए कई कानून और नीतियां लागू की गई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका पालन नहीं हो पा रहा है।

साथ ही उन्होंने बताया कि हरियाणा जल संसाधन (संरक्षण, विनियमन और प्रबंधन) अधिनियम-2020 के तहत पानी की चोरी और बर्बादी पर जुर्माना लगाने तथा कनेक्शन काटने का प्रावधान है।

### अतिरिक्त अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग की नीति-2019 भी लागू



इसके अतिरिक्त अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग की नीति-2019 भी लागू है, जिसके तहत पानी के वैकल्पिक उपयोग को बढ़ावा दिया गया है। समिति के वाइस चेयरमैन राम रतन अत्री ने बताया कि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम-1986 के तहत पीने योग्य पानी की बर्बादी पर पांच वर्ष तक की कैद या जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य की नगरपालिकाओं को अपशिष्ट जल का कम से कम 25 प्रतिशत पुनः उपयोग करने का लक्ष्य दिया गया है। वरिष्ठ उप-प्रधान सुरेश खन्ना एडवोकेट ने कहा कि इतने कठोर कानून होने के बावजूद निजी कॉलोनियों, अस्पतालों, सर्विस सेंटरों और गांवों में सबमर्सिबल पंपों व डायरेक्ट कनेक्शनों के जरिए पीने के पानी की अनाधिकृत निकासी की जा रही है। समिति ने हुड्डा अधिकारियों से मांग की कि कानूनों के अनुसार जांच कर इस तरह की बर्बादी और दुरुपयोग को तुरंत रोका जाए।

### समिति की बैठक में ये रहे मौजूद

पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक में राम रतन अत्री, सुरेश खन्ना एडवोकेट, एस.डी. अरोड़ा, विनोद गुप्ता, अशोक चौधरी, डॉ. पुष्पा सिन्हा, शशी आर्या और अर्जुन देव वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** साढ़ौरा के दोसड़का चौक के पास डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव रामगढ़ माजरा निवासी सन्नी ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 31 वर्षीय विकास पांच जनवरी को सुबह सात बजे अपने काम पर जा रहा था। जब वह दोसड़का चौक के पास पहुंचा तो धुंध अधिक होने के कारण डंपर चालक ने उसके भाई को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर किया नाबालिग को अगवा

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की तीन जनवरी की रात को खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गई थी। जब रात को तीन बजे परिवार के लोग उठे तो उन्हें कमरे से लड़की गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें अपनी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव मलिकपुर निवासी अमित कुमार शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अमित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरों ने सूने घर से चुराया हजारों रुपये का सामान

**यमुनानगर ।** कस्बा बूड़िया के कादियान मोहल्ला में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 10 हजार रुपये की नकदी तथा सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। कादियान मोहल्ला बूड़िया निवासी आशमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 27 दिसंबर को परिवार के साथ घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। पांच जनवरी को जब वह घर वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 10 हजार की नगदी, एलसीडी, चांदी की माला, हाथों के पोंचे, टिक्का, सोने के बुंदे व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब 45 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### फैक्ट्री का ताला तोड़कर नगदी व सामान चुराया

**यमुनानगर।** लक्ष्मी नगर कैंप निवासी विनय गुप्ता ने बताया कि जोड़ियां के पास उसकी फैक्ट्री है। तीन जनवरी की रात को वह फैक्ट्री से काम खत्म करवा के घर आ गया था। अगले दिन सुबह जब वह फैक्ट्री में पहुंचा तो फैक्ट्री के लॉकर का ताला टूटा हुआ था। जिसमें से 25 हजार रुपये गायब थे। इसके साथ ही जांच करने पर 30 किलो तांबे व पीतल का सामान और मशीन के पार्ट्स गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर

---

### नगर निगम कार्यालय में शिकायतों के समाधान को लेकर बैठक आयोजित

# जनता की शिकायतों का समय पर करें समाधान: निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सीएम विंडो, जन संवाद, समाधान शिविर व एसएमजीटी पर आई शिकायतों के समाधान को लेकर मंगलवार को निगमायुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित शिकायतों का समय पर समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शिकायतों का समय पर समाधान नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक में सबसे पहले सभी शाखाओं के अधिकारियों व कर्मचारियों से लंबित शिकायतों की समीक्षा की। मौके पर अधिकारियों ने बताया कि समाधान शिविर व सीएम विंडो पर गली व नालियां बनवाने, अवैध कब्जे हटवाने समेत अन्य समस्याओं संबंधित शिकायतें आ रही हैं। अवैध कब्जों व अन्य लंबित शिकायतों की जांच कर कार्रवाई जा रही है। विकास कार्यों संबंधित शिकायतों पर मौका मुआयना कर एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं। सफाई, पेंचवर्क व अन्य मरम्मत कार्यों पर भी कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों को सप्ताह भर में सभी लंबित शिकायतों का निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट बिल्कुल दुरुस्त व स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुशासन की नीति के तहत आमजन की शिकायतों का बिना किसी देरी के निवारण करने के लिए सरकार ने समाधान शिविर, जन संवाद व सीएम विंडो प्रणाली स्थापित की गई है।



**यमुनानगर ।** के निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

#### लापरवाही न भरतें

*निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि जनता की शिकायतों के निवारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी। जिस भी अधिकारी के पास शिकायतें अधिक समय तक लंबित होंगी। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, मृणाल जायसवाल, सुरेंद्र दहिया, राजेश शर्मा, सहायक नगर योजनाकार दर्शन लाल, भवन निरीक्षक हरेंद्र कुमार, विशाल, सहायक रघुबीर सिंह व कार्यालय अधीक्षक तेजिंदर कौर आदि मौजूद रहे।*



### नागरिकों की पेयजल की समस्या को किया जाएगा दूर: रजनीश

*__रादौर ।__ पीने पानी के लिए रादौर कस्बा में बिछाई जा रही पाइपलाइन व सीवरेज व्यवस्था को लेकर नपा कार्यालय में पार्षदों व जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपा चेयरमैन रजनीश मेहता ने की। मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रवि नायक समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। नपा चेयरमैन रजनीश मेहता ने बताया कि बैठक में रादौर के सभी वार्डों में पार्षद पीने के पानी की पाइपलाइने बिछाने व सीवरेज बिछाने को लेकर जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाएंगे। कस्बा की जिन कॉलोनियों में सीवरेज व पीने के पानी की समस्या होगी। उन कॉलोनियों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करवाया जाएगा। ताकि नागरिकों को सुविधा मिल सके। इस अवसर पर नपा सचिव सुरेंद्र मलिक,पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद जसवंत सिंह बंचल, पार्षद विनिश राणा, पार्षद रविंद्र सैनी, सुदेश सैनी, रंजीत सिंह व मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।*

---



**यमुनानगर।** के स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला के समापन पर अध्यापकों को पढ़ाई को रोचक बनाए जाने के बारे में जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को नई शिक्षण नीतियों से पढ़ाएं: भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में शिक्षकों के लिए आयोजित की जा रही चार दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला के दौरान अंग्रेजी विशेषज्ञ भूपेंद्र सिंह ने शिक्षकों को विभिन्न जानकारियां दी गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि चार दिवसीय कार्यशाला में अध्यापकों को अंग्रेजी के माध्यम से बच्चों से बातचीत करने का तरीका, खेलकूद के माध्य से शिक्षा को रोचक बनाए जाने,गणित विज्ञान और सामाजिक जैसे सभी विषयों को आईसीएसई बोर्ड के सिलेबस के अनुसार नई नई वीधियों से बच्चों को पढ़ाने के तरीके सिखाए गए। मौके पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सिखाई गई जो बच्चों को पढ़ाई की बोरियत से बाहर निकाल कर पूरे ध्यान से पढ़ने में सहयोग करेंगी। कार्यशाला में अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञ भूपेंद्र सिंह ने चार दिन तक लगातार अध्यापकों को नई नई विधियां सिखाकर उन में नए जोश के साथ कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अध्यापकों को नई शिक्षण विधियों से पढ़ाएं। ताकि पढ़ाई को रोचक बनाया जा सके। इस दौरान सभी अध्यापकों ने विद्यालय में हुई छुट्टियों के बाद नए जोश के साथ विद्यार्थियों को नई शिक्षण विधियों के द्वारा पढ़ाने के लिए आश्वासन दिया। विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ भूपेंद्र का धन्यवाद किया तथा अध्यापकों को नई शिक्षण विधियों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला से आत्मविश्वास और समस्याओं के समाधान के बारे में विचार विमर्श किया जाता है जो काफी लाभकारी रहा।चेयरपर्सन स्नेहलता ने अध्यापकों को नई विधियों से बच्चों को पढ़ाने पर जोर दिया।

---

# अमेरिकी राष्ट्रपति का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अमेरिका द्वारा एक स्वतंत्र देश वेनेजुएला पर एक तरफा हमला करके वहां के लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए राष्ट्रपति को उनकी पत्नी के साथ घर में घुसकर जबरदस्ती अगवा करने के विरोध में वामपंथी पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला फूंक कर अपना विरोध जताया।

मंगलवार सुबह भारत कम्युनिस्ट(मार्क्सवादी) पार्टी के जिला सचिव प्यारेलाल तंवर व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव हरभजन सिंह संधू के नेतृत्व में सैंकड़ो कार्यकर्ता जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक अमेरिका व वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका। इस दौरान दोनों पार्टियों के जिला सचिव प्यारेलाल तंवर व हरभजन सिंह संधु ने कहा कि वेनेजुएला एक स्वतंत्र संप्रभुता वाला देश है। जिसके ऊपर अमेरिका द्वारा एक तरफा घृणित रुप से हमला किया गया है और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादूरो और उनकी पत्नी को उनके निवास से अमेरिकी सैनिकों द्वारा जबरदस्ती घसीट कर अपहरण करने की जो कार्रवाई की गई है। वह काफी निंदनीय है और पूरे विश्व के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने दुनिया के देशों से इस घृणित कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करने और ट्रंप सरकार की इस गुंडागर्दी का मुकाबला करने के लिए एक सुर में आवाज उठाए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ से इस मामले में अमेरिका पर तुरंत कार्रवाई किए जाने की मांग की है।




यमुनानगर। के जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए वामपंथी पार्टियों के सदस्य।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जरनैल सिंह सांगवान, महिपाल चमरौड़ी, नैब सिंह,यशपाल, जोत सिंह, सोमनाथ, शरबती, गुरभजन सिंह मझैल, अरुण कुमार, रामकरण शर्मा, विजयपाल, सुनीता व रेखा आदि मौजूद रहे।

### नि:शुल्क शिविर में100 लोगों की आंखें जांची और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की और 30 को चश्मे दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

श्री आत्मरामानंद चेरिटेबल आई अस्पताल श्रीराम विचार वाटिका की ओर मंगलवार को आंखों की जांच का निःशुल्क शिविर लगाया गया। गांव कांजनू में लगे इस शिविर में ग्रामीणों की आंखों की निःशुल्क जांच की गई। इस शिविर में मुख्यरूप से विशेषज्ञ सीनियर ऑप्टम विजय कुमार मौजूद रहे। उन्होंने 100 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की। मौके पर 30 लोगों को नजर के चश्मे वितरित किए गए। जांच में 15 लोग ऐसे पाए गए जिनकी आंखों में सफेद मोतिया मिला। इस अवसर पर श्री रामविचार वाटिका के महंत स्वामी उदयात्मानंद जी महाराज ने कहा कि संस्था की ओर से रादौर क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आंखो का अस्पताल खुलवाया गया है। जिससे क्षेत्र में ही लोगों को आंखों के रोगों को दूर करने की सुविधा मिल सके।



**यमुनानगर ।** कस्बा रादौर के गांव कांजनू में आयोजित शिविर में आंखों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

---

#### प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया

### शिक्षकों ने सेठ मुकंद लाल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**रादौर ।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मुकंद ग्रुप के संस्थापक सेठ मुकंद लाल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कालेज के निर्देशक डा. एसके गर्ग मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने स्टाफ सदस्यों व छात्रों के साथ संस्थान के संस्थापक की की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर निर्देशक डा. एसके गर्ग ने बच्चों को मुकंद लाल के जीवन काल और समाजिक कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर क्लब द्वारा मुकंद हेरिटेज पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर कर भाग लिया और इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### कपिल देव का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ .रादौर

ब्राइट फ्यूचर अकादमी रादौर के तत्वावधान में मंगलवार को क्रिकेटर कपिल देव का जन्मदिन मनाया गया। मौके पर अकादमी के कोच अमित चौहन मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कपिल देव की कप्तानी में हमारा देश क्रिकेट में पहली विश्व विजेता बना था।

चौहान ने बताया कि कपिल देव का जन्म 6 जनवरी 1959 को हरियाणा में हुआ था। कपिल देव ने 1975 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्रवेश किया। भारत के प्रथम क्रिकेट विश्व कप विजेता दल के कप्तान एवं हरफनमौला खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1978 में पाकिस्तान में प्रथम टेस्ट मैच खेला। कपिल देव गेंद को सही दिशा देने में माहिर थे। कपिल अपनी प्रभावशाली मध्यम गति की गेंदबाजी और बल्लेबाजी से विश्व के सफलतम हरफनमौला ऑलराउंडर बने। कपिल देव इंग्लैंड के क्रिकेट खिलाड़ी इयान बॉथम के बाद विश्व के ऐसे दूसरे ऑलराउंडर हैंए जिन्होंने 83 मैचों में 300 विकेट लेकर तथा 3000 से अधिक रन बनाकर दोहरी सफलता प्राप्त की है। कपिल देव ने 20 वर्ष की उम्र में ही एक हजार बनाने तथा 100 विकेट लेने का नया कीर्तिमान स्थापित किया था।

यह कीर्तिमान केवल एक साल और 109 दिन में ही बना है। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम को 1983 में एकदिवसीय अंतर्राष्टीय क्रिकेट श्रृंखला में विश्व विजेता बनाने का श्रेय कपिल देव को है। विश्व कप में उनके द्वारा बनाये गये 175 रनों की ऐतिहासिक पारी क्रिकेट जगत में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई। कपिल देव का खेल और उनके आँकड़े इस बात के प्रमाण हैं। वे विस्डेन द्वारा 2002 में सदी के भारतीय क्रिकेटर चुने गये।



- हरफनमौला खिलाड़ी हैं कपिल देव : अमित

#### धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

### साइबर ठगों ने फोन हैक कर अकाउंट से निकाले 18 लाख

**यमुनानगर ।** साइबर ठगों ने शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी मनु सलूजा के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उसका मोबाइल हैक कर अकाउंट से 18 लाख रुपये निकाल लिए। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रोफेसर कॉलोनी निवासी मनु सलूजा ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को थी शिकायत में बताया कि 28 दिसंबर को उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एपीके फाइल आई। जब उसने फाइल ओपन की तो उसका मोबाइल हैक हो गया। काफी देर बाद जब उसका मोबाइल ऑन हुआ तो उसके अकाउंट से अलग-अलग कर 18 लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। मैसेज देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने तुरंत बैंक में जाकर अपना अकाउंट बंद करवाया। मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

---

### थाना प्रभारी ने शिविर में पहुंच बच्चों को नशे की बुराइयों से करवाया अवगत

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर का किया जा रहा है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को छठे दिन भी शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रिंसिपल इंदिरा देवी द्वारा किया गया।

शिविर में पहुंचे थाना रादौर के प्रभारी आनंद प्रकाश ने बच्चों को नशे से संबंधित बुराइयों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। नारको डिपार्टमेंट के सब इंस्पेक्टर जयपाल सिंह ने बच्चों को नशे से होने वाली हानियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति नशा करता है, वह अपना जीवन तो बर्बाद करता ही है साथ में समाज में भी इसके बुरे परिणाम होते हैं।

सेशन कोर्ट से शिविर में पहुंचे कृष्ण कुमार ने भी नशे से दूर रहने के बारे में अपने विचार रखें। समाजसेवी ओमप्रकाश ने बच्चों को नशे की बुराई के बारे में बताया व इससे से दूर रहने की सलाह दी। सरपंच चमरोडी चंद्राराम ने बच्चों को नशे से दूर रहने के बारे में बताया व उन्हें समझाया कि उन्हें अपने परिवार के लिए पढना चाहिए। यदि वह पढ़ाई में अपना ध्यान देंगे तो अपने समाज व अपने परिवार की तरक्की में अपना सहयोग दे सकते हैं।

इस अवसर पर सभी अध्यापक पवन रोहिल्ला, रामपाल, दिनेश शर्मा, राजेंद्र, प्रदीप, सुरेंद्र, रमेश आदि उपस्थित रहे।




**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के चमरोडी स्कूल में आयोजित शिविर में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### गेस्ट लेक्चर — गुरु नानक खालसा कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

एकेडमिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं

### क्रिएटिव और भाषाई कला का प्रतीक है कविता: डॉ. गुरुपदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में मंगलवार को कविता और भाषा का खेल विषय पर ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के अंग्रेजी विभाग के पूर्व प्रोफेसर डॉ. गुरुपदेश सिंह ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कालेज के प्रिंसीपल ड़ॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. गुरुपदेश सिंह ने कहा कि कविता एक क्रिएटिव और भाषाई कला का प्रतीक है। उन्होंने काव्यात्मक अभिव्यक्ति में भाषा की चंचल, प्रतीकात्मक और परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्वनी, संरचना और अर्थ के प्रति संवेदनशीलता के साथ कविता पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे यह सेशन बौद्धिक रूप से प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बन गया। मौके पर प्रिंसीपल ड़ॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि इस तरह के एकेडमिक इंटरेक्शन विद्यार्थियों के नजरिए को व्यापक बनाने और क्रिटिकल और क्रिएटिव सोच को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। मौके पर कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कॉलेज द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि गेस्ट लेक्चर जैसे एकेडमिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं। मौके पर डॉ.विनय चंदेल , डॉ. रमनदीप महल व अमृतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।




**यमुनानगर ।** के गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित गेस्ट लेक्चर में आनलाइन अपने विचार प्रस्तुत करते हुए वक्ता।

## खबर संक्षेप



### व्यासजी के महत्व व भीष्म स्तुति पर दिया प्रवचन

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 3 के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा की शुरूआत व्यासपीठ पूजन और मंगलाचरण से हुई। कथा व्यास रमेश पराशर ने र्णन किया, जिसके बाद भक्तों ने व्यास जी के स्वरूप, महत्व और पुराण परंपरा में उनके योगदान को विस्तार से सुना। इसके उपरांत रमेश पराशर ने माता कुंती द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति का वर्णन किया। उन्होंने कुंती के जीवन को संघर्ष, धैर्य और भगवान के प्रति समर्पण का उदाहरण बताया। कुंती स्तुति के प्रत्येक श्लोक का अर्थ समझाते हुए उन्होंने यह संदेश दिया कि जीवन की विपत्तियां मनुष्य को परमात्मा के निकट लाती हैं। दूसरे दिन की कथा का प्रमुख प्रसंग पितामह भीष्म द्वारा भगवद्स्तुति रहा।



### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : एसडीएम

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा में उपमंडल स्तर का गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस 26 जनवरी में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। एसडीएम अनुभव मेहता मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व को परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। इसलिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर समारोह की तैयारियां शुरू कर दे ताकि समय रहते सभी तैयारियां पूरी हो सके। इस राष्ट्रीय पर्व को लेकर पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस और एनसीसी के जवान परेड की रिहर्सल शुरू करें।

## ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज करने की रूपरेखा तैयार

# रेडक्रॉस का निक्षय मित्र बनाने और टीबी स्क्रीनिंग कैंप लगाने पर फोकस

### जिला रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर की अध्यक्षता में हुई टीबी समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वर्ष 2026 में हरियाणा रेडक्रास सोसायटी ने टीबी उन्मूलन की कार्य योजना तैयार की है। निक्षय मित्र बनाने और टीबी स्क्रीनिंग कैंप पर मुख्य फोकस रहेगा। इसके साथ ही ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज शुरू करवाया जाएगा। यही नहीं, आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पोषाहार किट भी वितरित की जाएगी। जिला रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर की अध्यक्षता में टीबी समीक्षा बैठक टीबी उन्मूलन अभियान को गति देने की कार्य योजना तैयार की गई। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने वर्ष 2025 में निक्षय मित्र, स्क्रीनिंग कैंप और जागरूकता कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला सचिव ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से क्षय रोगियों का जल्द इलाज और ड्राप आउट मरीजों की भी दवाइयां शुरू करवाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक संस्थाओं को आह्वान किया कि वे निक्षय मित्र बनकर आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पोषाहार किट वितरित करें। जिला सचिव ने कहा कि उपायुक्त एवं चेयरमैन विश्राम कुमार मीणा के निदेर्शानुसार टीबी उन्मूलन अभियान को गति दी जाएगी। स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन मुख्य रूप से स्लम बस्तियों और उन गांवों में लगाया जाए, जहां पर टीबी के संभावित ज्यादा मरीज चिह्नित हो रहे हैं। जिला को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव डॉ. सुनील कुमार के निदेर्शानुसार टीबी उन्मूलन अभियान के तहत रेडक्रास और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कैंप लगाए जा रहे हैं। हर महीने तीन से चार जागरूकता कार्यक्रम किया जाते हैं और टीबी वालंटियर घर-घर उन ड्राप आउट मरीजों की पहचान करना इलाज शुरू करवाते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिला रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर।

### जागरूकता कार्यक्रमों को दी जाएगी गति : अंजलि

जिला को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि वर्ष 2025 में 60 से ज्यादा टीबी मरीजों को निक्षय मित्र के माध्यम से पोषाहार किट वितरित की गई हैं। रेडक्रास वालंटियर की ओर से गांवों में भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है और बचाव सामग्री भी वितरित की जा रही हैं। सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढकर हिस्सा लेती है। इस अवसर पर वालंटियर जोगेंद्र, राहुल, रानी और आरती प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर सरकार का फोकस : सुधा

- वार्ड 17 सुंदरपुर में नगर पार्षद की ओर से कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने जैसे विषयों पर सरकार का मुख्य फोकस है। इन मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए सरकार विकास कार्य करवा रही है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वार्ड 17 सुंदरपुर में नगर पार्षद की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने 11 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाले टयूबल, जोहड की चार दीवारी के कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थानेसर ही नहीं कुरुक्षेत्र की चारों विधानसभा में विकास कार्य करवाने में कोई कसर नहीं छोडी। इस जिले को साफ स्वच्छ और विकसित बनाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इस सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाएं तैयार कर रही है। इस मौके पर पार्षद प्रेम नारायण अवस्थी, थानेसर मार्किट कमेटी के चेयरमैन सुरेश सैनी कुक्कु, अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी, पूर्व पार्षद प्रदीप सैनी, नरेश सैनी, काका सैनी आदि उपस्थित थे।



**कुरुक्षेत्र।** विकास कार्य का शिलान्यास करते पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

## पोते के जन्मदिन पर जरूरतमंद परिवारों को दिया राशन

**पिहोवा।** डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह की पावन प्रेरणा पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा से जुड़े सेवादार बीरा राम ने मानवता भलाई की एक अनुकरणीय मिसाल पेश की। उन्होंने अपने पोते सहदिल के 5वें जन्मदिन तथा पूज्य गुरुजी के पावन आगमन की खुशी के अवसर पर 5 अति जरूरतमंद परिवारों को एक-एक महीने का राशन वितरित किया। ब्लॉक प्रेमी सेवक संतोष सुरमी ने जानकारी देते हुए बताया कि डेरा सच्चा सौदा द्वारा मानवता भलाई के 170 से अधिक कार्य निरंतर चलाए जा रहे हैं, जिन पर अमल करते हुए साध-संगत समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा में सदैव तत्पर रहती है। इसी कड़ी में जनवरी माह को विशेष रूप से मानवता भलाई के कार्यों को समर्पित किया जाता है, क्योंकि यह माह दूसरी पातशाही, शहंशाहों के शहंशाह परमपिता शाह सतनाम सिंह जी महाराज के पावन अवतार का महीना होता है। साध-संगत इस पूरे माह सेवा, परोपकार और मानवता भलाई के कार्य कर इसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाती है। बीरा राम द्वारा किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है और जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आया है।



**पिहोवा।** राशन वितरित करते बीरा राम व अन्य।

## लाडवा से भारी वाहनों को निकलने के लिए मिलेगा 4 घंटे का समय : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लाडवा शहर को भारी वाहनों के लिए नो एंट्री जोन घोषित किया हुआ है। इस निर्णय में उपायुक्त द्वारा आंशिक संशोधन करते भारी वाहनों को शहर से निकलने के लिए दिन में 4 घंटे का समय दिया गया है। अब सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भारी वाहनों को लाडवा शहर में प्रवेश की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने इस निर्णय को जनहित, सड़क एवं आर्थिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दो एक्सएल 6 टायर सहित भारी वाहनों के लिए नो एंट्री जोन घोषित किया हुआ है।

### सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक दी ढील

अब लाडवा शहर में दो एक्सल 6 टायर वाहनों के प्रवेश पर सुबह 8 बजे से 11 बजे और दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक पाबंदी रहेगी, जबकि आज से पहले तक ये पाबंदी सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहती थी। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि शहर में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक के समय को नॉन पीक हॉवर देखा गया। ऐसे में उपायुक्त की तरफ से भारी वाहनों को इस नॉन पीक हॉवर में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्रवेश की ढील दी गई है, ताकि वाहन चालकों को कुछ राहत मिल सके और इस समय अवधि में शहरवासियों को भी कोई परेशानी ना हो।

*विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के अभ्यास वर्ग में शैक्षिक गुणवत्ता पर मंथन*

## बालकों के सर्वांगीण विकास में प्रधानाचार्य की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती उत्तर क्षेत्र द्वारा क्षेत्रीय पूर्णकालिक एवं समयदानी कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का आयोजन संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र में किया गया। अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन पूर्णकालिक समूह के सत्र आठ में बालकों की शैक्षिक गुणवत्ता के आधार विषय पर विस्तृत विमर्श हुआ। सत्र की अध्यक्षता विजय कुमार नड्डा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में दिलराम चौहान उपस्थित रहे। वक्ता ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास है, जिसके लिए प्रधानाचार्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।



**कुरुक्षेत्र।** अभ्यास वर्ग में मौजूद आचार्यगण। फोटो : हरिभूमि

### पांच आधारभूत विषयों पर की चर्चा

सत्र में एनसीएफ 2023 के अध्ययन, पांच आधारभूत विषयों के प्रभावी क्रियान्वयन, आचार्यों की चयन प्रक्रिया में सुधार, नवाचार एवं नई तकनीक को शिक्षा से जोड़ने, डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण और 360 डिग्री मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया गया। मेधावी एवं कमजोर बालकों के लिए अलग-अलग योजनाएं, सम्मान समारोह, अवकाशों में ऑनलाइन कक्षाएं, अभिभावकों से आत्मीय संपर्क, काउंसलिंग, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी तथा समाज व प्रबंध समिति के सहयोग पर भी चर्चा हुई।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद शेर ग्रुप के कार्यकर्ता।

## विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में दवाइयों की कमी को पूरा करने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** शेर ग्रुप के सक्रिय कार्यकतार्ओं की बैठक नॉन टीचिंग क्लब में प्रधान नरेश चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नव वर्ष के उपलक्ष्य में कुटिया के पूर्व प्रधान नीलकंठ शर्मा की तरफ से सभी साथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई और सभी साथियों को नव वर्ष की बधाई प्रेषित की। उन्होंने कहा कि सभी साथी आगामी कुटिया चुनाव के लिए तैयारी करें और सभी विभागों में जन संपर्क स्थापित करें। नीलकंठ शर्मा ने विवि प्रशासन से सेल्फ फाइनेंस के तहत लगे कर्मचारियों की एलटीसी जल्द से जल्द जारी करने और विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में दवाइयों की कमी को पूरा करने व लिपिकों की सीनियरिटी लिस्ट फाइनालाइज्ड करने, सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों को सर्दी से बचाव के लिए जल्द से जल्द जैकेट उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, जयपाल सैनी, पूर्व पार्षद नरेंद्र वर्मा, राम कुमार बोहत, पूर्व महासचिव यशपाल सैनी ने भी अपने विचार रखें। बैठक में पूर्व महासचिव कैलाश शर्मा, सह सचिव मनीष बालदा, प्रेस सचिव जगदीप सिंह, कार्यकारिणी सदस्य प्रताप राम आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में कानून-व्यवस्था बदहाल अपराधियों के हौसले बुलंद : चौटाला

- जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला खैहरा फार्म स्थित निवास स्थान पर डॉक्टर जसविंदर खैहरा के जन्मदिवस के अवसर पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। आए दिन हत्या, लूट, गोलीबारी और गंभीर अपराधों की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में भय, असुरक्षा और अविश्वास का माहौल बन गया है। यह गंभीर चिंता युवा जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने खैहरा फार्म स्थित निवास स्थान पर डॉक्टर जसविंदर खैहरा के जन्मदिवस के अवसर पर पहुँचकर व्यक्त की। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश का आम नागरिक स्वयं को असहाय और असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि वे कानून का कोई भय नहीं रखते। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही और प्रशासनिक विफलता के कारण प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार की पहली और सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना होती है, लेकिन दुर्भाग्यवश मौजूदा सरकार इस मूलभूत कर्तव्य को निभाने में पूरी तरह असफल रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, पूर्व वाईस चांसलर अजमेर मलिक, युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर खैहरा, हलकाध्यक्ष गुरलाल वड़ेंच, प्रदेश महासचिव होशियार सिंह किरमच, अनवर खान आदि मौजूद रहे।




**कुरुक्षेत्र।** खैहरा फार्म निवास स्थित डॉक्टर जसविंदर खैहरा को जन्मदिवस के अवसर पर बधाई देते दिग्विजय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

## ज्ञान का अभिमान नहीं, किंतु अभिमान का ज्ञान होना चाहिए : स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित पांच दिवसीय गीता चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए ज्ञान योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान का अभिमान नहीं होना चाहिए। किंतु अभिमान का ज्ञान अवश्य होना चाहिए। जब मनुष्य अपने अंदर उत्पन्न होने वाले अहंकार को पहचान लेता है तभी वह वास्तविक ज्ञान की ओर अग्रसर होता है। गीता मनीषी ने तत्व ज्ञान की अनुभूति तथा उसके लक्ष्णों का वर्णन करते हुए बताया कि सच्चा ज्ञान मनुष्य को विनम्र, सहज और करुणामय बनाता है। उन्होंने अहंकार से सावधान करते हुए कहा कि जब अहंकार उत्पन्न हो तो मनुष्य को दो स्थानों को अवश्य देखना चाहिए एक अस्पताल और दूसरा शमशानघाट। वही गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित विशेष ध्यान सत्र को संबोधित करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि ध्यान हमारे जीवन के आवश्यक है। जैसे मोबाइल पूर्ण रूप से चार्ज होने पर पूरे दिन सुचारू रूप से कार्य करता है, उसकी प्रकार यदि मनुष्य प्रतिदिन ध्यान के माध्यम से स्वयं को परमात्मा से जोड़ ले तो उसका शरीर, तन, मन और बुद्धि पूरे दिन सकारात्मक ऊर्जा, एकाग्रता और संतुलन के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ध्यान साधना का उद्देश्य यही है कि जब मन विचलित हो तब उसे प्रेम पूर्वक लौटाकर आत्मा और परमात्मा में स्थिर किया जाए।



# एचटेट परिणामों में अनियमितताओं के आरोप, सीबीआई जांच की मांग

- लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र पहुंचकर जेजेपी प्रतिनिधिमंडल ने की नारेबाजी, राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के वर्ष 2024 के परिणामों को लेकर गंभीर अनियमितताएँ एवं संदेहास्पद परिस्थितियाँ सामने आई जिसके विरोध में जननायक जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र पहुंचकर नारेबाजी की व महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजेश पायलट ने प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया जबकि अध्यक्षता युवा जेजेपी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खेहरा एवं जिला प्रभारी सूर्य प्रताप राठौर ने की। युवा जेजेपी के बैनर तले युवाओं ने नारेबाजी की व दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। राजेश पायलट ने कहा कि यह अनियमितता जो परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। हम महामहिम राज्यपाल महोदय से निवेदन करते हैं कि इस गंभीर विषय का संज्ञान लेते हुए एचटेट परीक्षा परिणाम में हुई धांधली की सीबीआई जाँच कराने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें, कृपया स्पष्ट किया जाए कि किस आधार एवं किन मानकों पर उस ढरव का चयन किया गया। इस मौके पर हिमांशु सुरखपुर, मयंक सैनी, मनदीप भी मौजूद रहे।




**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन की प्रति दिखाते जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



**कुरुक्षेत्र।** ट्रेनिंग सैशन में मौजूद अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षकों को छात्रों में मानसिक कल्याण बढ़ाने के उपायों की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में सभी टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया जिसका विषय छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन प्रीती मिश्रा ने बताया कि छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में जीवन कौशल केंद्र बनाना, शिक्षकों और माता-पिता को जागरूक करना, तनाव प्रबंधन तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और सकारात्मक व सहायक माहौल बनाना जरूरी है, जिसमें सीबीएसई जैसी संस्थाएं 'मनोदर्पण' जैसे कार्यक्रम चला रही हैं ताकि बच्चे खुलकर अपनी भावनाएं साझा कर सकें और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। स्वस्थ मन के बिना, स्वस्थ शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती है। ट्रेनिंग के दौरान शिक्षकों से बहुत सारी एक्टिविटीज भी करवाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा, प्रशासक विकास गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, मंजीत,नीतू, सीमा, नैंसी, नीतू, परमज्योति, सोनिया, रजनी, पायल, मोनिका सुमन, प्रियंका, हरिंदर, कल्पना, आशा आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** अखिल भारतीय विद्या मंदिर ग्राम धुराला में लगाई योग कार्यशाला

### वीडियो के माध्यम से योग के 26 शब्दों का सैद्धांतिक व क्रियात्मक ज्ञान सभी प्रतिभागियों को दिया

# हरियाणा योग आयोग के सदस्य मनीश कुकरेजा ने सिखाई योग की एबीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला के ग्राम धुराला में अखिल भारतीय विद्या मंदिर विद्यालय के प्रांगण में अध्यापकों व स्टाफ हेतु एक योग कार्यशाला का आयोजन वहां की प्रबंधक समिति व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा जयदीप आर्य, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा व जिला योग समन्वयक डॉ. जागीर सिंह व शिक्षा विभाग के अधिकारी जसबीर के कुशल मार्गदर्शन में किया गया जिसमें हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के पूर्व संगठन मंत्री डॉ मनीश कुकरेजा ने ए बी सी ऑफ योग की वीडियो के माध्यम से योग के 26 शब्दों का सैद्धांतिक व क्रियात्मक ज्ञान सभी प्रतिभागियों को दिया। हास्य योग का अभ्यास सभी ने सामूहिक रूप से किया व इसके पश्चात सभी ने स्वयं को तनाव मुक्त अनुभव किया। विद्यालय के चेयरमैन सुभाष शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य वक्ता डॉ. मनीश कुकरेजा, प्रिंसिपल रेणु वधवा, भारतीय योग संस्थान सहित विद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के सभी सदस्यों ने रुचिपूर्वक इस योग कार्यशाला में भाग लिया। महान ऋषि पतंजलि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व गायत्री मंत्र उच्चारण से कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** कार्यशाला में मौजूद हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा व अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

### मुख्य वक्ता को किया सम्मानित

सभी प्रतिभागियों ने गहनता से विषय को समझा व योग के विभिन्न आसनों यथा सूर्य नमस्कार के 12 आसन, गरुड़ आसन था प्राणायामों में गहरे लंबे श्वासो का अभ्यास किया। ध्यान के अंतर्गत श्वास ध्यान का अभ्यास सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहा डॉ मनीश कुकरेजा द्वारा भगवान कृष्ण के मुख से लगे पवित्र वाद्य बांसुरी पर सांसों की माला पे सिमरू मैं तेरा नाम पर सभी प्रतिभागियों द्वारा श्वास ध्यान का अभ्यास करना। कार्यक्रम में योगासन खेल का प्रदर्शन ग्राम बारना के प्रतिभावान खिलाड़ियों गुरलीन, दिव्या व सरस ने अपने योग शिक्षक व आयुष विभाग में कार्यरत आयुष योग सहायक भीम के निर्देशन में आर्टिस्टिक योग द्वारा किया। सभी प्रतिभागियों ने मंत्रमुग्ध होकर उनकी प्रस्तुति का अवलोकन किया व करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में हरियाणा योग आयोग की पत्रिका योगमय हरियाणा की एक प्रति प्रिंसिपल रेणु वधवा को मुख्य वक्ता द्वारा भेंट की गई। प्रिंसिपल महोदया मुक्त कंठ से कार्यक्रम की सराहना की व मुख्य वक्ता डा मनीश कुकरेजा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### देशी पिस्तौल समेत आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** सेक्टर- 9 पार्क के पास से अवैध हथियार देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद रखने के मामले में सीआईए-1 ने संलिप्त आरोपी रूद्र प्रताप को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 को सूचना मिली कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उससे अवैध देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद किए गए।

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ट्रायल का शेडयूल जारी

**जींद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का पहला संस्करण का आयोजन 20 फरवरी तक छत्तीसगढ़ प्रदेश दीव में सात प्रतिस्पर्धी खेल और दो डेमा खेल की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाना है। हरियाणा राज्य से भाग लेने वाले खिलाडियों का चयन ट्रायल के आधार पर किया जाना है।

### मां-बेटी संदिग्ध हालात में लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** रामकालोनी से मां व बेटी के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राम कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत तीन जनवरी को उसकी पत्नी तथा चार वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा।

### अश्लील वीडियो बना किया महिला का यौन शोषण

**जींद।** सिविल लाइन थाना इलाके में महिला की नहाते समय अशील वीडियो बना ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपित के दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना इलाके की महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है।

### मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.00 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

## पूर्व मंत्री असीम ने मुख्यमंत्री को खिलाई मिठाई

# 851 एकड़ जमीन पर स्थापित होगी आईएमटी औद्योगिक दृष्टि से मजबूत होगा अंबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- किसान बोले, सीएम का नायाब फैसला, असीम की मेहनत लाई रंग

आईएमटी के जरिए अब उद्योग और विकास के नजरिए से अंबाला शहर बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। इलाके को औद्योगिक दृष्टि से मजबूती देने के लिए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के ड्रीम प्रोजेक्ट पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसके बाद अंबाला शहर विधानसभा इलाके में इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) के निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। सरकार की मंजूरी के बाद इलाके के किसानों व आमजन के चेहरे खिल उठे हैं। खुद किसान विपक्ष को भी घेर रहे हैं। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में आईएमटी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंतिम मंजूरी दे दी है।

आईएमटी के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल द्वारा सरकार और किसानों के बीच समन्वय बनाने के लिए 'लैंड एग्रीगेटर' नियुक्त किए गए परमजीत सिंह ने बताया कि असीम गोयल द्वारा बीते कई वर्षों से इस प्रोजेक्ट को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। आईएमटी के लिए कई दौर की बैठकों के बाद अब मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इसके लिए जमीन देने वाले किसानों को 1.55 करोड़ प्रति एकड़ देने पर मोहर लगा दी है।

उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में आईएमटी गांव नग्गल की लगभग 350 एकड़ जमीन, लगभग 413 एकड़ गांव नडियाली की जमीन और 88 एकड़ गांव खैरा की भूमि पर स्थापित की जाएगी।


अंबाला। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मिठाई खिलाते हुए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### रोजगार और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

सरकार के साथ सार्थक वार्ता के बाद आईएमटी बनने का रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में जिन किसानों ने अपनी भूमि आईएमटी के लिए पोर्टल पर अपलोड की है उनके चेहरे भी खुशी से खिल उठे हैं। किसान संदीप सिंह का कहना है कि इस बड़े प्रोजेक्ट से इलाके में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। भविष्य में अब उनके इलाके के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। किसान शेर सिंह अंटाल का कहना है कि उनके क्षेत्र में आईएमटी की स्थापना निश्चित की नायब सरकार की विकासशील सोच को दर्शाता है। किसान शेर सिंह ने इस प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने का पूरा श्रेय मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल को दिया। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में वो खुद भी शामिल थे।

### विपक्ष के मुंह में जम गया दही

अंबाला शहर के विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे इस प्रोजेक्ट को लेकर इलाके में सियासत भी खूब हुई। अब सरकार ने आईएमटी को हरी झंडी दे दी है तो किसान विपक्ष को भी खूब घेर रहे हैं। किसान हरप्रीत सिंह का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को जुमला बताने वाला विपक्ष अब जवाब दे। किसानों ने कहा कि अब न तो कोई चुनाव है और न ही कोई अन्य सियासी मसला। ऐसे में सरकार ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। वहीं इलाके के गांव के सरपंच भी सरकार के इस फैसले को खूब सराहा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी की दूरदर्शी सोच

अंबाला शहर विधानसभा के विकास यहां के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और इलाके की तरक्की के लिए बेहद महत्वपूर्ण इस प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी देने पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर सीएम नायब सैनी को मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया। असीम गोयल ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नायब सैनी की दूरदर्शी सोच और नायब नेतृत्व का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि आईएमटी अंबाला के लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं,बल्कि यह इलाके के विकास की नई इबारत लिखेगा। भविष्य में अंबाला की पहचान विश्व के मानचित्र पर औद्योगिक दृष्टि से भी होगी और अब अंबाला महानगर बनने की तरफ तेजी से अग्रसर होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को कागजों से निकालकर जमीन पर उतारने में असीम गोयल ने दिन रात एक किया है। इलाके के विकास को लेकर,युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी बड़ा दिल दिखाते हुए किसानों के साथ बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिससे किसानों के चेहरे पर भी मुस्कुराहट आई है।


अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

## एडीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# बच्चों को योग से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सेदारी करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा बाल कल्याण समिति के कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा की। बैठक में बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण से संबंधित एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को बाल कल्याण व बाल संरक्षण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा किए जा रहे बाल हित एवं संरक्षण से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। एडीसी ने संबंधित अधिकारी से स्पांसरशिप, फॉस्टर केयर, चाइल्ड एडॉप्शन, पॉक्सो कानून एवं रिलीफ फण्ड प्रावधान बारें व मिशन वात्सलय योजना, हरि-हर योजना व अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और व्यापक स्तर पर इन योजनाओं बारे में आमजन को जागरूकता करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

मौके पर सीईओ जिला परिषद गगनदीप, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट,सीएमओ राकेश सहल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रंजीता, सदस्य अमित जैन, जेजे बोर्ड सदस्य विवेक सचदेवा,, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी सहित पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम विभाग, रेडक्रॉस, समाज कल्याण विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को आत्मविश्वास मजबूत करने के उपाय बताए


**बराड़ा।** पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना, वंदे मातरम तथा एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में जिला एनएसएस समन्वयक विजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजय कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन की महत्वपूर्ण सीख दी। उन्होंने शिविर में अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया तथा बच्चों के साथ करियर काउंसलिंग से जुड़ी अहम जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन और कठिन परिश्रम को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए। अनुशासन व परिश्रम के बल पर कोई भी व्यक्ति अपने बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। एनएसएस युवाओं को अनुशासित और परिश्रमी जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर शांति एवं मानवता संस्थान से प्रेम रावत के शांति संदेश को लेकर गुलजार अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों को शांति व मानवता का संदेश दिया। एनएसएस अधिकारी परवीन कौर ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास मजबूत करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इसकी शक्ति हमारे भीतर ही निहित होती है, आवश्यकता केवल इसे पहचानकर जागृत करने की होती है।

## हारे हुए विधायक से करवा रहे विकास योजनाओं का शुभारंभ

# मेयर-कमिश्नर में टकराव, मुख्य सचिव को लेटर भेजकर कार्रवाई की सिफारिश

**अंबाला।** नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा व कमिश्नर के बीच चल रहा टकराव तीखा हो गया। सचदेवा ने नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र लाठर के खिलाफ मुख्य सचिव को शिकायती पत्र भेजा है। मेयर ने आयुक्त पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अनदेखी और नियमों के विरुद्ध कार्य करने के आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मुख्य सचिव को भेजे पत्र में मेयर ने कहा कि आयुक्त द्वारा पिछले करीब 9-10 महीनों से नगर निगम की एक भी हाउस मीटिंग नहीं बुलाई गई है। उनका आरोप है कि बार-बार पत्राचार करने के बावजूद आयुक्त किसी न किसी बहाने बैठक को टाल रहे हैं। हाउस मीटिंग बुलाना आयुक्त का संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इसकी अनदेखी से शहर के विकास कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव और निर्णय लटके हुए हैं।

### सरकारी खर्च की भी कोई विधिवत स्वीकृति नहीं

उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत बताते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों पर किए जा रहे सरकारी खर्च की भी कोई विधिवत स्वीकृति नहीं है। हालांकि मेयर ने पराजित विधायक का नाम नहीं दिया है मगर उनका निशाना भाजपा से अंबाला शहर के पूर्व विधायक और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल पर है। मेयर ने आयुक्त वीरेंद्र लाठर की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय विभागीय जांच कराने, नियम विरुद्ध हुए शिलान्यास कार्यक्रमों पर खर्च की गई राशि की जांच कर उसे संबंधित अधिकारियों से वसूलने और दोषी पाए जाने पर आयुक्त के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई करने की मांग रखी है। उन्होंने पत्र के अंत में विश्वास जताया है कि सरकार इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। अब देखना यह होगा कि मुख्य सचिव इस शिकायत पर क्या कदम उठाते हैं।

## 151 महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित


**बराड़ा।** अटल स्मृति शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट ,भारतीय जनता पार्टी एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से 8वां लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम महोत्सव तथा 9वां राष्ट्रीय सत्रीय जागरूक महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहताश राणा ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 जनवरी 2026, शनिवार को दोपहर 1 बजे शैमफोर्ड स्कूल के प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी तथा पूर्व विधायक असीम गोयल शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के तौर पर जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, बंतो कटारिया, पूर्व विधायिका एवं विधानसभा संयोजक संतोष चौहान सारवान, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर एवं मार्केट कमेटी के चेयरमैन कुलराज शर्मा उपस्थित रहेंगे। राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 151 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। पिछले छह महीनों में नवजन्मी बेटियों के जन्म पर 350 परिवारों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को समर्पित है जिसमें महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और कन्या सम्मान का संदेश दिया जाएगा।

# पुलिस लाइन में 24 को फुलड्रेस रिहर्सल, हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

- एडीसी ने अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश, बरसात की स्थिति में अनाजमंडी में शिफ्ट होगा समारोह

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह हमारा राष्ट्रीय पर्व है, 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को हमें हर्षोउल्लास व भव्य तरीके से मनाना है। समारोह के दृष्टिगत सभी तैयारियां विभागीय अधिकारी समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त एनआईसी कार्यालय अंबाला शहर के सभागार में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे।

### दिए निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन मैदान अंबाला शहर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह के तहत अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें सभी कार्य समय रहते पूरा करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में अधिकारी व कर्मचारी अपने परिवार सहित इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें। उन्होंने यह भी कहा कि समारोह में जिन विभागों की झांकियां कार्यक्रम में शामिल रहेंगी, वे सभी उत्कृष्ट होनी चाहिए।

## अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश, 26 को आयोजित होगा समारोह

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू एसडीएम ने अनाजमंडी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

26 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उपमंडल में तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह समारोह नई अनाज मंडी नारायणगढ़ में आयोजित किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम शिवजीत भारती ने उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि मार्च पास्ट, सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों की रिहर्सल 22 और 23 जनवरी को नई अनाज मंडी में करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को सभी प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल भी समारोह स्थल पर ही होगी। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है और इसके आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों के अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।


**अंबाला।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अनाज मंडी का निरीक्षण करते अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में डीएसपी सूरज चावला, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, रीडर नवीन सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी नरोत्तम शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी नारायणगढ़ मनजीत कौर, पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह, बिजली निगम के एसडीओ विकास बंसल, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अंकुश सहगल, कृषि विभाग के एसडीओ नरेश, मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा, मार्किट कमेटी के सचिव अफसर सिंह, सीडीपीओ अरविंदर कौर व विनीत सूद , नगरपालिका सचिव राजेश कुमार, एसएमओ डॉ. राकेश सैनी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चार सब स्टेशनों पर 23 करोड़ रुपये होंगे खर्च, सुचारू से मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- शाहपुर नुर्द में सब स्टेशन पर 5 .90 करोड़, धनाना में 5 .30 करोड़, कक्कड़ माजरा में 5 .30 करोड़, डेरा सब स्टेशन पर 8 .90 करोड़ रुपये का बजट खर्च होगा

नारायणगढ़ डिविजन में चार नए सब स्टेशन बनेंगे। इन सब स्टेशन के बनने से नारायणगढ़ और शहजादपुर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को सुचारू रूप से बिजली मिलेगी। इन सब स्टेशन को लगाने के लिए 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही सब स्टेशन जटवाड़ को 16 एमवीए से 25 एमवीए किया जाएगा। इन सब स्टेशन को बनाने के लिए टेंडर हो चुके हैं। जल्द वर्कऑर्डर जारी किए जाएंगे।

बिजली निगम की ओर से नारायणगढ़ डिवीजन के शाहपुर नुर्द, धनाना, कक्कड़ माजरा, डेरा में नए सब स्टेशन लगाए जाएंगे। शाहपुर नुर्द में सब स्टेशन पर 5.90 करोड़, धनाना में 5.30 करोड़, कक्कड़ माजरा में 5.30 करोड़, डेरा सब स्टेशन पर 8.90 करोड़ रुपये का बजट खर्च होगा। अभी गर्मी के सीजन में कई जगहों पर ट्रांसफार्मर और फीडर ओवरलोड होने से कट लगते हैं, लेकिन इन सब स्टेशन के बनने से बिजली कट से राहत मिलेगी। वहीं, इन सब स्टेशन को इस वर्ष में तैयार किया जाएगा। जिससे लोगों को फायदा होगा। इससे पहले बिजली निगम की ओर से अंबाला शहर में भी अद्दोमाजरा, घासमंडी व उदयपुर में नए सब स्टेशन लगाए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## विधायक निर्मल सिंह बोले, नगर निगम के मामले में अदालत से लेकर सड़क तक कांग्रेस लड़ेगी ठोस लड़ाई

# नगर निगम की वार्डबंदी में अनुसूचित जाति के साथ हुआ गंभीर भेदभाव

कांग्रेस विधायक ने अंबाला शहर के रेस्ट हाउस में लोगों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह ने शुक्रवार को अंबाला शहर के रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनीं। कई समस्यओं का उन्होंने मौके पर ही समाधान कर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में निर्मल सिंह ने भाजपा सरकार, प्रशासन और पूर्व विधायक पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस अब केवल बयानबाज़ी नहीं बल्कि संगठित राजनीतिक संघर्ष के रास्ते पर है। चाहे वह नगर निगम चुनाव हों या मनरेगा का मुद्दा। सिंह ने बताया कि बैठक में दो अहम मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। पहला, नगर निगम अंबाला शहर के आगामी चुनाव और दूसरा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए बदलाव, जिन्हें उन्होंने सीधे तौर पर गरीब, मजदूर और हाशिये पर खड़े समाज के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि भले ही नगर निगम की वार्डबंदी और परिसीमन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है लेकिन सरकार और प्रशासन जिस जल्दबाज़ी और एकतरफा सोच के साथ चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। उससे साफ है कि लोकतांत्रिक संतुलन को दरकिनार किया जा रहा है।


अंबाला। रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक निर्मल सिंह।

### प्रशासन पर भेदभाव के आरोप लगाए

विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि इन हालात में भी चुनाव से पीछे नहीं हटेगी। 10 जनवरी को अंबाला शहर के तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक निर्णायक बैठक बुलाई गई है जिसमें चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि इस बार नगर निगम चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी। बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। वार्डबंदी और परिसीमन को लेकर निर्मल सिंह ने प्रशासन पर सुनियोजित भेदभाव का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जानबूझकर एससी वर्ग के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया गया है। जिन आबादियों के आधार पर परिसीमन और आरक्षण तय होना चाहिए था उन्हें दरकिनार कर दिया गया। एससी वर्ग को जो वैधानिक आरक्षण मिलना चाहिए था वह नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता मिथुन वर्मा पार्षद द्वारा इस अन्याय को चुनौती देते हुए मामला न्यायालय में ले जाया गया है जिसकी सुनवाई 15 जनवरी को निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को अदालत से लेकर सड़क तक मजबूती से लड़ेगी।

### मजदूरों के छीने जा रहे हक

मनरेगा के मुद्दे पर उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सरकार केवल नाम बदलने की राजनीति करती है। रोजगार गारंटी जैसी जनकल्याणकारी योजना को खोखला कर दिया गया है। मजदूरों के हक छीने जा रहे हैं और इसे विकास का नाम दिया जा रहा है। पूर्व विधायक पर तीखा कटाक्ष करते हुए विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि उनकी राजनीति का केंद्र केवल उद्घाटन और फोटो सेशन तक सीमित है। धरातल पर काम करने की नीयत और समझ दोनों का अभाव दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आईएमटी का मुद्दा हो या गांव लखनौर साहिब में माता गुजरी के नाम पर कॉलेज का निर्माण , इन विषयों को उन्होंने स्वयं विधानसभा में उठाया था। शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन पर कार्य करने का आश्वासन दिया था और उसी का परिणाम है कि अंबाला को आईएमटी जैसी महत्वपूर्ण परियोजना मिल रही है। इसके बावजूद श्रेय लेने की होड़ में वे लोग खड़े हैं जिनका इन फैसलों में कोई वास्तविक योगदान नहीं रहा।